दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 165
मुरादाबाद
(Monday)
06 October 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

गृह मंत्री अमित शाह बोले- बारिश से प्रभावित किसानों को हर संभव मदद देगी मोदी सरकार

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में डॉ. विठ्ठलराव विखे पाटिल शुगर फैक्ट्री के विस्तारित संयंत्र का उद्घाटन कर किसानों को संबोधित किया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का चीनी सहकारी क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ा है।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महाराष्ट्र के बारिश से प्रभावित किसानों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। शाह ने यह बात डॉ. विठ्ठलराव

विखे पाटिल कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्री की विस्तारित क्षमता के उद्घाटन के बाद किसानों की रैली को संबोधित करते हुए कही। इससे पहले महाराष्ट्र के एक दिवसीय दौरे पर आए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शिरडी स्थित साईंबाबा मंदिर में रविवार को पूजा-अर्चना की। अमित शाह के साथ राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं अजित पवार तथा अन्य लोग भी मौजूद रहे। अमित शाह ने कहा, मैंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार के साथ विस्तृत बैठक की। प्रधानमंत्री मोदी की ओर से मैंने उन्हें आश्वासन दिया है कि जैसे ही हमें विस्तृत रिपोर्ट मिलेगी, प्रधानमंत्री मोदी महाराष्ट्र के किसानों की मदद में कोई देरी नहीं करेंगे।उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने पिछले वर्ष की सहायता राशि में से 3,132 करोड़ रुपये जारी किए हैं, जिसमें अप्रैल 2025 में 1,631 करोड़ रुपये शामिल हैं। इसके अलावा, महाराष्ट्र सरकार ने भी 2,215 करोड़ रुपये की राहत राशि वितरित की है,

जिससे 31 लाख से अधिक किसानों को लाभ मिला है। शाह ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की परेशानी कम करने के लिए कई कदम उठा रही है। उन्होंने बताया, महाराष्ट्र सरकार ने प्रत्येक बाढ़ प्रभावित परिवार को ?10,000 नकद सहायता और 35 किलो खाद्यान्न दिया है। साथ ही कर्ज वसूली पर रोक, ई-केवाईसी नियमों में अस्थायी ढील, और राजस्व कर व स्कूल फीस में राहत दी गई है। शाह ने किसानों को भरोसा दिलाया कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर किसानों को हर संभव सहायता और पुनर्वास प्रदान करेंगी। मोदी सरकार में फली-फूली चीनी सहकारी क्षेत्र- अमित शाह- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का चीनी सहकारी क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ा है। अमित शाह ने कहा कि अब चीनी मिलें ऑफ-सीजन में मल्टी-फीड एथेनॉल उत्पादन पर जोर दें। उन्होंने बताया कि एथेनॉल मिश्रण नीति से सहकारी कारखानों की आर्थिक स्थिति सुधरी है। अमित शाह ने महाराष्ट्र के किसानों को हाल की भारी बारिश से हुए नुकसान पर हर संभव मदद का आश्वासन दिया और राज्य के नेताओं की पहल की सराहना की। शनिवार रात शाह की फडणवीस और पवार के साथ बैठक- शनिवार रात शिरड़ी पहुंचे अमित शाह ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज्य के उपमुख्यमंत्रियों एकनाथ शिंदे तथा अजित पवार के साथ शिरडी में बैठक की। सूत्रों के मुताबिक, शनिवार देर रात लगभग 45 मिनट तक चली यह बैठक महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण फसलों को व्यापक पैमाने पर हुए नुकसान और प्रभावित किसानों को तत्काल वित्तीय राहत देने की आवश्यकता पर केंद्रित रही। सूत्रों ने बताया कि नेताओं ने कई विकास परियोजनाओं और प्रमुख प्रशासनिक मामलों की प्रगति की भी समीक्षा की। हाल में व्यापक स्तर पर बेमौसम और अत्यधिक वर्षा के कारण कई जिलों में फसलों को भारी नुकसान हुआ है जिसके बाद से तत्काल सरकारी सहायता की मांग बढ़ रही है। किसानों के लिए एक बड़े राहत पैकेज की घोषणा जल्द ही किए जाने की उम्मीद है।

दार्जिलिंग में बारिश से तबाही: भूस्खलन और पुल टूटने की घटना में 10 लोगों की मौत; राष्ट्रपति-पीएम ने जताया दुख

दार्जिलिंग में लगातार भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। तेज बारिश के कारण बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुए, जिसमें अब तक 10 लोगों की मौत हो गई और कई गांवों से पूरी तरह से संपर्क कट गया है। वहीं राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने इस घटना में हुई जनहानि पर दुख जताया है।उत्तर बंगाल में लगातार भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। दार्जिलिंग जिले में हुए भूस्खलन और पुल टूटने की घटनाओं में अब तक 10 लोगों की मौत हो गई है और दो लोग लापता बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, मिरिक और सुखिया क्षेत्रों में भूस्खलन के कारण कई लोग हताहत हुए हैं। इस हादसे के बाद दार्जिलिंग जिला पुलिस राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है। वहीं कालिम्पोंग में स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। लगातार बारिश से कई इलाकों का संपर्क टूट गया है और सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पीएम मोदी ने जनहानि पर जताया दुख- प्रधानमंत्री मोदी ने दार्जिलिंग में पुल ढहने की घटना पर दुख जताया है। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- दार्जिलिंग में एक पुल दुर्घटना में हुई जान-माल की हानि से अत्यंत दु:खी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भूस्खलन के मद्देनजर दार्जिलिंग और आसपास के इलाकों की स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। हम प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।राष्ट्रपति ने भी हादसे पर जताया दुख राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस हादसे पर दुख जताया है। एक्स पर राष्ट्रपति भवन की तरफ से किए पोस्ट में लिखा गया- पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण हुई दुखद जनहानि अत्यंत दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं। मैं बचाव एवं राहत कार्यों की सफलता की प्रार्थना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।लोहे का पुल ढहा, आवाजाही हुई बाधित पश्चिम बंगाल में भारी बारिश के कारण दुधिया में लोहे के पुल का एक हिस्सा ढह जाने के बाद सिलीगुड़ी-दार्जिलिंग एसएच-12 सड़क पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। सीएम ममता बनर्जी ने जताया दुख, टोल फ्री नंबर जारी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस घटना पर दुख जताते हुए एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, %मैं बहुत चिंतित हूं कि कल रात कुछ घंटों के भीतर अचानक भारी बारिश के कारण उत्तर बंगाल और दक्षिण बंगाल दोनों के कई इलाके बाढ़ में डूब गए हैं, साथ ही बाहर से हमारे राज्य में अत्यधिक नदी का पानी आ गया है... राज्य मुख्यालय और जिलों में 24म7 नियंत्रण कक्ष हैं। कृपया मेरे नबान्न आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष से +91 33 2214 3526 और +91 33 2253 5185 पर संपर्क करें, जबकि टोल फ्री नंबर +91 86979 81070 और 1070 हैं।

संक्षिप्त समाचार

कलाईनार यूनिवर्सिटी बिल पर सुप्रीम कोर्ट पहुंची स्टालिन सरकार, राज्यपाल के फैसले को बताया अवैध

तमिलनाडु सरकार ने कलाईनार यूनिवर्सिटी बिल 2025 को राष्ट्रपति के पास भेजने के राज्यपाल आरएन रवि के फैसले को संविधान के अनुच्छेद 200 का उल्लंघन करार देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। बिल में भरतिदासन यूनिवर्सिटी को विभाजित कर कुंभकोणम में नई यूनिवर्सिटी स्थापित करने का प्रस्ताव है।तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल आरएन रवि के बीच कलाईनार विश्वविद्यालय को लेकर जारी विवाद बढ़ता ही रहा है। ऐसे में अब स्टालिन सरकार ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की है। याचिका में राज्य सरकार ने राज्यपाल आरएन रवि द्वारा कलाईनार यूनिवर्सिटी बिल 2025 को राष्ट्रपति के पास भेजने के फैसले को असंवैधानिक और अवैध बताया गया है।राज्य सरकार का कहना है कि राज्यपाल ने इस बिल पर कैबिनेट की सलाह को नजरअंदाज कर, उसे राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दिया है, जो कि संविधान के अनुच्छेद 200 का उल्लंघन है। इस अनुच्छेद के तहत राज्यपाल को विधानसभा द्वारा पारित बिलों पर कैबिनेट की सलाह के अनुसार निर्णय लेना होता है।बता दें कि यह बिल तमिलनाडु विधानसभा में अप्रैल 2025 में पारित हुआ था। इसमें भरतिदासन यूनिवर्सिटी को दो भागों में बांटकर कलाईनार यूनिवर्सिटी की स्थापना करने का प्रस्ताव है।

मुख्य चुनाव आयुक्त बोले- चुनाव बाद SIR का मतलब नहीं था, UID नागरिकता का प्रमाण नहीं

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को पटना में संवाददाताओं से बात की। उन्होंने चुनाव और उसके पहले की प्रक्रिया पर बात की।भोजपुरी में बिहार के मतदाताओं का अभिवादन करते हुए देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को पटना में कहा कि जिस तरह हम अपने पर्व-त्योहारों और विशेष रूप से लोक आस्था के महापर्व छठ को मनाते हैं, उसी तरह से बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान को उत्साह के साथ मनाएं। उन्होंने मतदान की तारीखों पर फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन यह जरूर कहा कि 22 नवंबर से पहले चुनाव की पूरी प्रक्रिया संपन्न करा ली जाएगी। स्ढ्ढक्रपर उठाए सवालों का जवाब दिया मुख्य चुनाव आयुक्त ने जो प्रत्याशी खड़े हों, वह पोलिंग एजेंट्स जरूर दें। मॉक पोल अपनी आंखों के सामने जरूर देखने कहें। मतदान के खत्म होते समय पोलिंग एजेंट्स फॉर्म 17सी भी ले लें। जिन लोगों को नगर निगम ने मकान का कोई नंबर तय नहीं किया है, वहां एक ही मकान में कई लोगों के नंबर मतदाता सूची में दर्ज होने की आशंका रहती है। क्योंकि, कुछ चिह्नित करने के लिए बीएलओ यह करते हैं। चुनाव के पहले पुनरीक्षण हर बार होता है, इसलिए उसे चुनाव के बाद कराने की मांग का कोई अर्थ नहीं है। बिहार के एसआईआर में दावा-आपत्ति का पूरा अवसर दिया गया। इस प्रक्रिया की देखरेख के लिए सभी राजनीतिक दलों ने अपने बूथ लेवल एजेंट्स दिए थे। एसआईआर में अब भी समय है कि किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल को ऐसा लगता

है कि योग्य मतदाता छूट गया है या अयोग्य मतदाता का नाम सूची में है तो वह दावा-आपत्ति कर सकता है। उनके दावे-आपत्ति का निपटारा ईआरओ स्तर से हो जाएगा।किन्हें मिलेगा वोटर कार्ड, आधार कार्ड पर क्या बोले CEC? जिनके वोटर कार्ड के डाटा में कोई परिवर्तन होगा, उन्हें 15 दिनों के अंदर ईपिक मिल जाएगा। वोटर की जांच किस तरह करनी है, उसी के तहत जांच की गई है। जिन लोगों ने मतदाता सूची के लिए नामांकन भरा होगा, वह आधार देने के लिए बाध्य नहीं हैं। चुनाव आयोग, आधार अथॉरिटी के नियम और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत आधार न जन्मतिथि और न ही नागरिकता का प्रमाणपत्र है। सुप्रीम कोर्ट का आदेश आया तो हमने पुनरीक्षण में आधार कार्ड लेने की व्यवस्था दी। संविधान के तहत, मतदाता बनने के लिए भारत का नागरिक होना जरूरी है। वोटर जहां रहता है, उसके आसपास के बूथ का मतदाता हो सकता है। गैर-भारतीय होने के आधार पर कितने नाम कटे, इसपर मुख्य चुनाव आयुक्त ने स्पष्ट जानकारी नहीं दी। उन्होंने कहा कि सभी चिह्नित अयोग्य मतदाताओं का नाम हटाया गया है। इसकी सूची जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के पास भी है और राजनीतिक दलों के पास भी है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि एससी 2 और एससी 38 समेत बिहार में 243 सीटें हैं। दो दिनों के इस भ्रमण के पहले भी चुनाव आयोग के अधिकारियों ने पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही बैठक हो चुकी है। बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विभिन्न स्तरों पर बैठक कर चुके हैं। मुख्य सचिव, बाकी विभागीय सचिवों और डीजीपी के साथ भी बैठक कर चुके हैं। पहली बार दिल्ली में ट्रेनिंग, मानदेय बढ़ाया जाना उपलब्धि- मुख्य चुनाव आयुक्त ने जानकारी दी कि बूथ लेवल एजेंट्स की पहली बार चुनाव आयोग ने ट्रेनिंग की। बिहार के सभी बूथ लेवल एजेंट्स- 1 की ट्रेनिंग कुछ माह पहले ही दिल्ली में ट्रेनिंग हुई। उसके बाद बूथ लेवल ऑफिसर्स की ट्रेनिंग हुई। इसके बाद देशभर के 700 बूथ लेवल सुपरवाइजर्स-एजेंट्स की ट्रेनिंग की गई। मतदाता सूची के मामले में विशेष गहन पुनरीक्षण बड़ा टास्क था। सभी मतदाताओं के सहयोग के साथ स-समय यह पूरा हुआ। बूथ लेवल ऑफिसर्स के साथ तमाम अधिकारी, जो इस काम को करते हैं- उनका मानदेय भी बढ़ाया गया। खास तौर पर ऋ और श्वऋ को भी मानदेय की व्यवस्था की गई। चुनाव आयोग ने वोटर कार्ड के 15 दिनों के अंदर मिलने की व्यवस्था की। बीएलओ को मतदाता सुगमता से पहचाने जा सकें, इसके लिए आईडी भी दिए गए। सभी 90 हजार मतदान केंद्रों पर मोबाइल रखने की व्यवस्था- इस बार बूथ के कमरे के ठीक बाहर मतदाताओं को सभी 90 हजार मतदान केंद्रों पर मोबाइल रखने की व्यवस्था रहेगी। वोटर स्लिप में इस बार बूथ की संख्या और पता बड़े फॉन्ट में रखा जा रहा है, ताकि आसानी से पढ़ा जा सके। चुनाव आयोग ने तकनीक का सहारा बहुत पहले से ले रहा है। 40 एप्लिकेशन थे। उसकी जगह अब वन स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म- श्वष्टढ्ढहृश्वञ्ज लाया गया। बिहार चुनाव में यह प्लेटफॉर्म सक्रिय रहेगा। चूंकि 1500 से ज्यादा मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों में लंबी भीड़ रहती थी और परेशानी ज्यादा होती थी, इसलिए अब 1200 से ज्यादा किसी भी बूथ पर वोटर नहीं रहेंगे। प्रत्याशी- कानून के तहत प्रत्याशी मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में भी अपना स्टॉल लगा सकते हैं। अब हर पोलिंग स्टेशन की 100 प्रतिशत वेब कास्टिंग की व्यवस्था की जा रही है

संपादकीय Editorial

On the Ground of Faith

Though the entire state of Himachal Pradesh is steeped in traditions, in some areas, decisions made in the light of the Dev Samaj take precedence over democracy and the law. It's surprising that in a land where society ignores drug dealers and drug traffickers, religious decisions become the dominant court. On the very first day of Kullu Dussehra, amidst the flood of faith, in this unique Mahakumbh of world wonders and religions, only cultural reverence was visible. Yet, in this very crowd, a procession of an administrative officer passed through a narrow alley.

Law enforcement must have witnessed the situation, as the whole world witnessed what happened to Tehsildar Hari Singh Yadav on Dussehra duty, something that should not have happened. Instead of reviewing this issue, given the sensitivity of the situation, we want to say that if religious traditions become a battlefield, everyone can forget the boundaries of the law in interpreting their beliefs. The Tehsildar may not have prioritized certain cultural or religious beliefs, but what happened or was publicly depicted does not uphold the legal tradition. Ultimately, religious rituals do not teach us to become divisive in society. It is also surprising that this case appears to be divided between the pros and cons. If an MLA is criticizing the Tehsildar's conduct, it should be asked what his opinion is on the law. Can an officer on duty be pushed out in public, or is politics playing its part here too? While politics often exerts its influence in the Kullu Dussehra celebrations, harboring any kind of hatred during these waves of faith is highly condemnable and against the gentleness, civilization, and culture of the mountains. The government must take immediate action on this issue and view it in terms of the betterment of the social fabric. If tomorrow, casteism emerges within traditions, or the shadow of social inequality emerges in the noon of law, the very foundations of such events will be shattered. Those who object will undoubtedly face prosecution, but those who took the law into their own hands were not permitted to do so. For some time now, youth movements have been raging in Himachal, and this is the third consecutive occasion where the tide of anger has reached the township, or our standards have failed. We have written repeatedly that a new system, a new practice, should be established by removing the political influence from traditions, fairs, cultural events, and social harmony. A state-level Fair Development Authority should be established to organize all such fairs, cultural, and religious events. Whatever the reality behind the Kullu incident, its denouement points to an environment that must be stopped. This incident is no boon to the sanctity of the Dev traditions. If the Dev traditions do not become a symbol of social harmony, we will be divided into different classes and identified, otherwise this power would have curbed encroachment tendencies, illegal mining, drug trafficking and deteriorating mountain behavior amidst all the signs of disaster.

Pakistan's entire energy is being spent spewing venom against Indians.

The article describes Pakistan's hatred and inhumane actions towards India. The terrorist attack in Pahalgam and the Indian team's defeat of Pakistan in the Asia Cup are mentioned. The shameless claims and threats of nuclear war by Pakistan's Defense Minister are also mentioned. In April of this year, Pakistani terrorists brutally murdered 26 non-Muslims in Pahalgam after asking them about their religion. The entire country was plunged into grief and outrage by this incident, while most Pakistanis were busy applauding this barbaric act. In reality, most Pakistanis are filled with frustration and hatred towards Hindus. Because their very existence is based on hatred, they are unable to overcome this feeling. Their vulgar language also reflects their illiteracy and frustration. Educated television anchors, military generals, and cricketers are also victims of this fire of hatred. The latest example of this shameless behavior was witnessed recently when former Pakistani captain Mohammad Yousuf used derogatory language against Indian T20 captain Surya Kumar Yadav on a TV program. Instead of interrupting him, the anchor or other participants burst out laughing shamelessly. This reflects Pakistan's utter inhumanity, devoting its energy solely to spewing venom against Indians. Pakistan, which has suffered three defeats at the hands of India in the Asia Cup, has a tainted past. This section of the society was not satisfied with the creation of Pakistan after the partition of India, making its own identity an issue. Since its inception, Pakistan has focused less on its own progress and more on harming India. It is so obsessed with revenge against India that it does not hesitate to brutally oppress even its own people. This example is evident in Pakistan-occupied Kashmir, where people are on the verge of rebellion. India must remain vigilant against the deteriorating situation in Pakistan. No matter how much venom Pakistan spews against India, it has suffered humiliating defeats in all the wars it has fought against India. After losing the 1965 war, it begged for the return of the Haji Pir Pass. Then, in 1971, 93,000 Pakistani soldiers surrendered to the Indian Army in Dhaka. This was the largest and most humiliating surrender by an army since World War II. At the negotiating table in Shimla, Bhutto begged for the return of these soldiers and some other territories. Indian soldiers foiled Pakistan's plans to infiltrate in the 1999 Kargil conflict. Pakistan's inhumanity was also exposed when it refused to even accept the bodies of its soldiers killed in that conflict. The story of 2025 was no different, when, after the Pahalgam attack, PM Modi decided that enough was enough and that Pakistan must pay the price for its actions. Under Operation Sindoor, India destroyed Lashkar-e-Taiba and Jaish-e-Mohammed (JeM) terrorist bases deep within Pakistan. The Indian Air Force then destroyed several Pakistani air bases and air strips, including the Nur Khan Air Base. Pakistan's situation became so dire that it appealed for a ceasefire. It's a different matter that its threats and hypocrisy continue to this day. Regarding the Pahalgam terrorist attack, the Pakistani Defense Minister shamelessly claimed that it was carried out by India's own forces, and that Pakistanis had no involvement. Launching a terrorist attack and then absolving itself of its responsibility is nothing new for Pakistan. Even after the Mumbai attacks, Pakistan continued to deny its role in the attack, but the capture of Ajmal Kasab exposed its true identity to the world. Just days before the Pahalgam attack, General Asim Munir had spewed venom against India and Hindus. Pakistani Minister Hanif Abbasi publicly stated that Pakistan possessed 130 nuclear warheads earmarked for targeting India. No sensible person who understands the horrors of nuclear war would say such things. Before the Asia Cup, there were calls to boycott Pakistan, but the Indian team, taking a pragmatic approach, played against them. However, the Indian team had already decided not to maintain any contact or etiquette with the Pakistanis. The captain did not shake hands with his Pakistani counterpart during the toss. The players also eschewed the traditional courtesy of shaking hands with their opponents after the match. The Pakistanis' unease was evident after this. They thrashed about in a complaining tone, but found no respite. After winning the final, the Indian team decided not to accept the trophy from Pakistani Home Minister and Asian Cricket Council chief Mohsin Naqvi. Naqvi then brazenly left with the trophy and medals. After the final victory, when PM Modi posted that "Operation Sindoor continues on the sports field as well, and the results were the same," it became clear that the issue was not limited to sports. Captain Suryakumar Yadav's response to this speaks volumes: "It's nice when the country's leader himself bats on the front foot." After deciding to participate in the Asia Cup, winning it became a matter of prestige for the country. Especially after the Pahalgam attack, crushing Pakistan on the field was crucial to avenge it. Nevertheless, it is essential for India to reassess its equation with this unruly neighbor. Merely warning it is not enough. India must not repeat the indulgences of 1965 and 1971. Only then will we be able to address the challenges across the border.

The Grand Alliance is Held on Seat-Sharing, Instability May Build Difficulties

The Congress Working Committee met in Bihar after 85 years. Nasir Hussain claimed that the Congress will lead the Grand Alliance in the Bihar Assembly elections. The Congress is focused on issues like social justice raised by Rahul Gandhi. The "Ati Pichhda Nyay Sankalp" is indicative of the Congress's electoral strategy. Any doubts about the Congress's intentions, which returned to Bihar after 85 years for the Working Committee meeting, were dispelled by party General Secretary Nasir Hussain. He claims that the Congress will lead the Grand Alliance's campaign in the soon-to-be-announced Bihar Assembly elections. While the issues raised in the resolutions passed during the five-hour Working Committee meeting at Sadakat Ashram in Patna cannot be ignored, the real objective is to boost workers' enthusiasm for the Assembly elections and to press for a greater number of seats with potential for victory for the Grand Alliance. The Congress's electoral hopes also hinge on the issues of social justice and vote theft raised by Rahul Gandhi. The "Ati Pichhda Nyay Sankalp" passed at the meeting is indicative of Congress's electoral strategy.

In Bihar's caste-based politics, major changes in the upcoming elections are impossible without maintaining or expanding its vote bank. Nearly three and a half decades ago, during the political polarization between the Mandal and Kamandal parties, most OBCs and minorities rallied behind Lalu Yadav, while the upper castes rallied behind the BJP. A large section of Dalits aligned with Ram Vilas Paswan. To further his political prospects, Nitish Kumar had to create an alliance between the Ati Pichhda and Mahadalit communities, including some minorities. In this process, Lalu Yadav's RJD's core support base was reduced to a Yadav-Muslim alliance, which no longer constitutes a winning alliance. On the other hand, despite its expansion, the BJP has failed to expand significantly among the OBC and Dalit communities. Even among minorities, the BJP's reach is limited to the Pasmanda community. Therefore, both parties need Nitish Kumar's JDU, which has acceptance among the EBC, Mahadalit, and minority communities, to form a government. Now that Nitish Kumar's political career is on the wane, the Congress is seeking to expand its support base by attracting EBCs and minorities. The 10 points of the Extremely Backward Classes (ABC) Justice Resolution aim for the all-round development of the socially and economically backward classes, including promises ranging from increasing the reservation limit to 50 percent, reserving 50 percent seats in private schools under the Right to Education (RTE), and providing 50 percent reservation in government contracts. The veracity of Rahul's allegations will only be determined by an impartial investigation, but public perception often proves more decisive than the truth. To support his allegations of vote theft, Rahul has so far cited examples from constituencies in Karnataka and Maharashtra. He has also discussed losing in Haryana despite a likely victory. He launched a "Voter Rights Yatra" in Bihar to protest the deletion of millions of votes in the Special Intensive Electoral Roll Revision (SIR). This energized the Congress's ailing organization. Through the Working Committee meeting, the Congress has maintained that momentum and presented a strong claim in seat sharing. It is being discussed that Congress has also handed over a list of 76 assembly seats to Tejashwi Yadav with the message that if seat sharing is delayed, it will start campaigning on 30 seats. RJD is the largest party in the Bihar Assembly. Yet, Congress is delaying declaring Tejashwi, a former Deputy Chief Minister, as the Chief Ministerial candidate for the upcoming assembly elections. The 2020 assembly elections were a close contest between the NDA and the Grand Alliance. The BJP performed the best in the NDA, while the JDU's performance was disappointing. RJD performed the best in the Grand Alliance, while Congress's performance was disappointing. Congress, which contested 70 seats, won only 19. Smaller Left parties also performed better than Congress. Therefore, the most important aspect of the Bihar elections will be the seat sharing between the two alliances. Past experience shows that the BJP manages its alliances well, but the same cannot be said about the Grand Alliance or the INDIAN. In Haryana, AAP contested separately, and Congress lost the election by less than one percent of the vote. In retaliation, Congress contested all seats in Delhi. Congress failed to win a single seat, but ousted AAP from power. Had the Maha Vikas Aghadi (MVA), which performed exceptionally well in the Lok Sabha elections in Maharashtra, declared Uddhav Thackeray as its chief ministerial face in the assembly elections held a few months later, such a predicament would not have occurred. Therefore, it will be important to see how the seat-sharing process unfolds within the Grand Alliance in Bihar. If Congress, emboldened by issues like caste census and vote theft, insists on contesting 70 seats, the Grand Alliance will face increasing difficulties. If the pressure tactics escalate to not declaring Tejashwi Yadav as the Chief Ministerial face of the Grand Alliance, it means that Congress has not learned any lessons from Maharashtra.

ओवरलोड व ओवर स्पीड पर सख्ती, एक सप्ताह में 40 वाहनों पर कार्रवाई

मुरादाबाद- अवैध, अनाधिकृत और नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत संभागीय परिवहन विभाग के पीटीओ ने पिछले एक सप्ताह में 40 वाहनों

पर कार्रवाई की है शनिवार को पीटीओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात चेकिंग अभियान के दौरान बिना परमिट के रेत से भरा एक डंपर, तीन ओवरलोड पिकअप वाहन, और एक ओवरलोड तथा ओवर स्पीड ट्रक को सीज किया गया। इसके अतिरिक्त संभल-मुरादाबाद मार्ग पर यात्रियों से खचाखच भरी दो अनाधिकृत प्राइवेट बसों को भी सीज कर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि इस तरह बीते सात दिनों के भीतर कुल 40 वाहनों पर नियमों के उल्लंघन के चलते दंडात्मक कार्रवाई की गई है। बताया कि अभियान का उद्देश्य राजस्व की हानि को रोकना, सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और यातायात नियमों के प्रति कठोरता को बनाए रखना है। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद से संभल मार्ग पर स्थित कुछ स्कूलों में संचालित वाहनों की अब तक फिटनेस जांच नहीं कराई गई है। संबंधित स्कूलों को चेताया गया है कि वे शीघ्र फिटनेस प्रमाणपत्र प्राप्त करें, अन्यथा बिना फिटनेस पाए जाने पर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वाहन चालकों व मालिकों से अपील की कि वे समस्त दस्तावेजों को अद्यतन रखें और वाहन संचालन पूरी तरह वैध रूप से करें।

अब ऑनलाइन बनेगी एमएसटी

मुरादाबाद- रामपुर। एमएसटी (मासिक यात्रा टिकट) बनवाने की प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाइन हो गई है। यात्रियों को अब लंबी कतारों और कागजी दौड़ से मुक्ति मिल गई है। नई व्यवस्था में आधार कार्ड और मोबाइल फोन के जरिये कुछ ही मिनटों में पीवीसी कार्ड प्रारूप की एमएसटी तैयार हो जाएगी।पहले रामपुर रोडवेज डिपो से महीने में केवल 120 एमएसटी ही जारी हो पाती थीं, लेकिन ऑनलाइन व्यवस्था लागू होने के बाद अब इसमें वृद्धि होने की उम्मीद है। नौ सितंबर से लागू इस प्रक्रिया में टॉम सॉफ्टवेयर के माध्यम से यात्री की जानकारी भरी जाती है, आधार सत्यापन के लिए मोबाइल पर तीन बार ओटीपी आता है, और उसके बाद एमएसटी जारी कर दी जाती है। एक और खास बदलाव यह हुआ है कि अब एमएसटी का शुल्क भी पहले से 10 रुपये कम लिया जा रहा है। एआरएम महेंद्र कुमार ने बताया कि इस नई प्रक्रिया से यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी और समय की बचत होगी।

विदेश भेजने के मामले में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद- बिलासपुर। विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी कर 22 लाख रुपये हड़पने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों के नामजद समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फुलसुंघा निवासी गुरु भगत सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उन्होंने अपने पुत्र को विदेश भेजने के लिए पंजाब के ग्राम खटखट कली थाना बंगा एबीएस नगर निवासी गुरमुख सिंह से बात की थी। आरोप है कि गुरमुख सिंह ने अपने साले गुरमेल सिंह निवासी काशीपुर व एक अन्य व्यक्ति से बात कर उनके पुत्र को विदेश भेजने के नाम पर अलग-अलग तारीखों में उनसे 30 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद भी उनके पुत्र को विदेश नहीं भेजा। दबाव बनाने पर केवल आठ लाख रुपये वापस कर दिए। 22 लाख रुपये एक सितंबर 2025 को देने का वादा किया। आरोप है कि एक सितंबर को उन्हें रुपये देने के लिए नगर में बुलाया गया। जहां उन्होंने रुपए वापस देने के बजाय उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने एसपी के आदेश पर दो लोगों के नामजद व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मारपीट कर रुपए हड़पने आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

ब्रजघाट में गंगा पुल की रेलिंग तोड़ लटकी रोडवेज बस, यात्रियों में मची चीख पुकार

मुरादाबाद- दिल्ली जा रही रामपुर डिपो की बस ब्रजघाट में रेलिंग को तोड़कर गंगा पुल पर लटक गई। उसमें सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। गनीमत रही की बड़ा हादसा होने से टल गया। नेशनल हाईवे पर जाम लग गया। हापुड़ व अमरोहा जनपद से बस को उठाया। रामपुर डिपो की रोडवेज बस बृजघाट गंगा पुल पर अचानक से बस के ब्रेक फेल हुए दोनों पुल के बीच में लटक गई। नीचे बह रही लिए उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। चीख पुकार मौके पर पहुंची तथा बस में सवार सभी यात्रियों को चालक काशीपुर के खड़गपुर देवी गांव निवासी वाली सड़क पर जाम के हालात बन गए। कुछ ही जिसमें सैकड़ों वाहन फंस गए। इसी जाम में तीन

ने एंबुलेंस को वन-वे ट्रैफिक से निकाल दिया। बृजघाट चौपला चौकी इंचार्ज प्रवीन कुमार ने बताया कि ब्रेक फेल होने पर हादसा हुआ था। यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। पुलिस ने यात्रियों को सकुशल बाहर निकालकर क्रेन के माध्यम शनिवार को दिल्ली जा रही थी। बस में 16 यात्री सवार थे। हो गए। जिससे बस पुल पर लगी लोहे की रेलिंग को तोड़ते गंगा को देख बस में सवार यात्री बुरी तरह डर गए। बचाव के की आवाज सुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस भी सुरक्षित बाहर निकाला गया।बताया जा रहा है कि हादसे में बस अनूप सिंह घायल हो गया। हादसे के बाद हाईवे पर दिल्ली जाने देर में हाईवे पर करीब चार किलोमीटर लंबा जाम लग गया। निजी एंबुलेंस भी घंटों तक फंसी रही। हालांकि बाद में पुलिस

बजरंग दल कार्यकर्ता का कत्ल: 25 हजार के इनामी मुठभेड़ में घायल, दोनों के पैर पर लगी गोली, कमेंट को लेकर विवाद

मुरादाबाद में चर्चित शोभित हत्याकांड के दो इनामी आरोपी अक्कू शर्मा और जतिन को पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गए। दोनों के गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दोनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। चर्चित शोभित और जतिन उर्फ लाला शनिवार रात पुलिस मुठभेड़ कटघर पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की के पैरों में गोली लगी है। घायल बदमाशों को के मुताबिक, मौके पर गिरफ्तार आरोपियों की थाना कटघर और जतिन उर्फ लाल पुत्र सुरेश पुलिस ने दोनों के कब्जे से एक बिना नंबर की बरामद किए हैं। आरोपियों पर था 25-25 हजार शोभित ठाकुर हत्याकांड में शामिल चार आरोपियों था। पुलिस की चार टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी पहले इंस्टाग्राम पर कमेंट्सबाजी को लेकर हुआ गुलाबबाड़ी चुंगी सूरज नगर निवासी घनश्याम छात्र था।उसकी बीते सोमवार शाम करीब पांच हत्या कर दी गई थी। घनश्याम ठाकुर ने

दोस्तों गौतम कश्यप, आदित्य और रोहित के साथ खड़ा था, तभी जतिन उर्फ लाला, अक्कू शर्मा, अविनाश पासी और रोहित जाटव वहां पहुंचे और शोभित को घेर लिया। आरोप है कि अक्कू शर्मा ने तमंचा कनपटी पर सटाकर गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई थी।इंस्टाग्राम विवाद बना हत्या का कारण- पुलिस जांच में सामने आया कि अविनाश पासी और शोभित के बीच चार माह पहले इंस्टाग्राम पर आपसी कमेंट्स को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद से दोनों पक्षों में रंजिश चल रही थी। उसी पुरानी दुश्मनी के चलते आरोपियों ने शोभित की हत्या की साजिश रची थी।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हत्याकांड के सभी चार आरोपी फरार थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए एसओजी, सर्विलांस सेल और कटघर थाने की दो टीमें लगातार दबिश दे रही थीं। दो आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद अब बाकी दो की तलाश तेज कर दी गई है।दोनों घायल इनामी बदमाशों से पूछताछ जारी है। इनके बयान के आधार पर फरार आरोपियों की लोकेशन और हत्या में प्रयुक्त हथियारों के स्रोत की जानकारी जुटाई जा रही है।

गागन का पुराना पुल को तोड़ने का काम शुरू, नए पर बढ़ा वाहनों का दबाव, दिल्ली रोड पर रहेगी परेशानी

मुरादाबाद में गागन नदी पर बने पुराने पुल को तोड़ने का काम शनिवार शाम से शुरू हो गया है। पुल पर वाहनों का संचालन बंद कर दिया गया है। इसके चलते जाम की स्थिति पैदा हो रही है। 18.43 करोड़ की लागत से करीब डेढ़ साल में नया वाहनों का संचालन शनिवार को बंद कर दिया गया है। नए पुल पर ही वाहनों दबाव बढ़ गया रहे हैं। तोड़े जा इस पुल की जगह करीब डेढ़ लोगों को दुश्वारियां झेलनी पड़ सकती हैं। गागन करोड़ का टेंडर पहले ही स्वीकृत हो गया था पानी सूखने का इंतजार कर रही थी। पानी कम पुल को तोड़ने का काम शुरू कर दिया।पुल को पुलिस ने यातायात को नियंत्रित करने के लिए दूसरे पुल से यातायात का संचालन शुरू कर गया। दोनों पुल से 24 घंटे में करीब एक लाख संचालन बंद होने पर दूसरे ही पुल से ही वाहनों

बताया कि पुराने पुल को तोड़ने का शुरू हो गया है। नए पुल के बनने तक एक ही पुल से वाहनों का आवागमन रहेगा। मार्च 2027 तक 90 मीटर लंबे पुल का होगा निर्माण - अब पुराने पुल को तोड़कर गागन में नए पुल का निर्माण किया जाएगा। सेतु निगम के पीडी शशिकांत का कहना है कि पुल 90 मीटर लंबा और दस मीटर से अधिक चौड़ा होगा। पुल निर्माण करने के लिए अत्याधुनिक मशीनें मंगाई जाएंगी। पुल की डिजाइन स्वीकृत होने के बाद काम शुरू किया जाएगा। अभी मार्च 2027 तक पुल का निर्माण पूरा हो जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

अफजलगढ़-काशीपुर मार्ग पर पलटा गैस टैंकर, चालक और हेल्पर की मौत, केबिन में फंस गए थे दोनों के शव

रामपुर जिले में हुए हादसे में ट्रैंकर चालक और क्लीनर की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को केबिन से बमुश्किल निकाला।

हादसे के बाद गांव में कोहराम मचा हुआ है। अफजलगढ़-काशीपुर मार्ग पर रविवार तड़के रहमान टाइल्स के पास बड़ा हादसा हो गया। कार्बन डाइऑक्साइड गैस से भरा टैंकर अचानक अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे पलट गया। हादसे में टांडा के ग्राम पीपली नायक निवासी चालक सत्यपाल (32) पुत्र रामपाल और परिचालक रॉबिन उर्फ भोला (22) पुत्र इन्द्रपाल की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सत्यपाल और रॉबिन रात करीब डेढ़ बजे काशीपुर से हरिद्वार की ओर टैंकर में गैस लेकर जा रहे थे। जैसे ही वह रहमान टाइल्स के पास मोड़ पर पहुंचे टैंकर अचानक अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे पलट गया। सत्यपाल का आठ साल का बेटा है, जबकि रॉबिन अविवाहित और पांच बहनों का अकेला भाई था।दोनों की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पीपली नायक गांव में मातम पसर गया। परिजन रोते-बिलखते हुए तुरंत मौके के लिए रवाना हो गए। हादसे के कारण अफजलगढ़-काशीपुर मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। टैंकर के केबिन में फंसे दोनों शवों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

मस्जिद कमेटी को झटका, ध्वस्तीकरण के खिलाफ दाखिल याचिका खारिज

मुरादाबाद- संभल। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल के राया बुजुर्ग की मस्जिद गोसुलबारा के ध्वस्तीकरण की प्रशासनिक कार्रवाई पर रोक की मांग को लेकर मस्जिद कमेटी की और से दायर याचिका को वापस लेने की शर्त पर खारिज कर दिया है। उक्त

आदेश न्यायमूर्ति दिनेश पाठक की एकलपीठ ने दिया। मस्जिद कमेटी ने तहसीलदार, संभल द्वारा 2 सितंबर 2025 को पारित आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान याची के अधिवक्ता अरविंद कुमार त्रिपाठी ने कोर्ट को सूचित किया कि वह वैकल्पिक उपाय के रूप में राजस्व संहिता, 2006 की धारा 67(5) के तहत सक्षम अपीली न्यायालय (कलेक्टर) के समक्ष अपील दाखिल करना चाहते हैं। इस पर कोर्ट ने याचिका को वापस लेने की अनुमति प्रदान कर दी। इस पर राज्य सरकार की ओर से कोई आपत्ति नहीं जताई गई। कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए यह भी स्पष्ट किया कि यदि याची अपीली न्यायालय में अंतरिम राहत के लिए आवेदन करता है, तो वह आवेदन कानून के अनुसार विचारित किया जाएगा और उच्च न्यायालय के इस आदेश से प्रभावित नहीं होगा।गौरतलब है कि राया बुजुर्ग स्थित मस्जिद और बैंकेट हाल के ध्वस्तीकरण मामले में दाखिल याचिका पर शुक्रवार यानी 3 अक्टूबर को विशेष अवकाश पीठ गठित कर सुनवाई की गई। मस्जिद शरीफ गोसुलवरा रायां बुजुर्ग और उसके मुतवल्ली मिंजर की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया कि प्रशासन ने अवैध निर्माण बताते हुए 2 अक्टूबर को चार बुलडोजरों की मदद से महज 4 घंटे में मैरिज हॉल को जमींदोज कर दिया। याचिका में यह भी आरोप है कि यह कार्रवाई गांधी जयंती और दशहरे जैसे दिन पर की गई, जिससे भीड़ और तनाव की स्थिति बनी। याचिका में यह भी बताया गया था कि मस्जिद का कुछ हिस्सा सरकारी भूमि पर है। प्रशासन ने मस्जिद कमेटी को अवैध निर्माण हटाने का नोटिस और चार दिन का समय दिया था। हालांकि समय सीमा पूरी होने से पहले ही कमेटी के लोगों ने स्वयं हथौड़ा चलाकर मस्जिद की दीवारें गिराना शुरू कर दिया था, फिर भी बुलडोजर चलाए गए। याचिका में ध्वस्तीकरण आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

तौकीर रजा से जुड़े आठ सिपहसालारों का खोला गया एलआईयू निगरानी कार्ड, खुफिया जांच के बाद खुलेगी फाइल

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली । बीते 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद पुलिस ने इत्तेहाद-ए-मिल्लत के अध्यक्ष मौलाना सिपहसालारों का खोल दिया है। बवाल वाले इन आरोपियों खुफिया जांच के बाद इसके बाद ये सभी अभिसूचना इकाई

काउंसिल (आईएमसी) तौकीर रजा के आठ एलआईयू निगरानी कार्ड में अहम भूमिका निभाने और इनके करीबियों की फाइल खोली जाएगी। ताउम्र स्थानीय (एलआईयू) की निगरानी में रहेंगे। पुलिस के मुताबिक मौलाना तौकीर रजा के आह्वान पर 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद शहर में जुटी भीड़ ने बवाल किया था। इस दौरान पुलिस टीम पर पथराव व फायरिंग भी की गई थी। पुलिस की एंटी राइट गन व एक वायरलेस सेट लूट लिया गया था। इस दौरान 22 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। शहर में 10 स्थानों पर उपद्रवियों और पुलिस के बीच झड़प हुई थी। इस मामले में पुलिस अब तक मौलाना तौकीर रजा समेत 84 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। इनमें तीन को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच के दौरान सामने आया है कि 26 सितंबर को भीड़ जुटाने और बवाल कराने में मौलाना के खास सिपहसालार डॉ. नफीस, नदीम खान, अफजाल बेग, पार्षद अनीस सकलैनी, मीडिया प्रभारी मुनीर अहमद उर्फ मुनीर इदरीसी, अल्तमश रजा, मौलाना एहसान उल हक चतुर्वेदी और साबिक जमाल खां की अहम भूमिका रही। यह आरोपी पहले भी ऐसे प्रदर्शन करते रहे हैं, जिनसे शहर की शहर की कानून व्यवस्था और सांप्रदायिक माहौल खराब हो सकता था। ऐसे में अब इनको ताउम्र पुलिस के साथ-साथ खुफिया निगरानी में रहना होगा।

बरेली वबाल के आरोपी नफीस के बरातघर पर दूसरे दिन भी चले बुलडोजर, भारी पुलिस बल रहा तैनात

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने जखीरा मोहल्ले में मौलाना तौकीर रजा खां के करीबी नफीस के बरातघर को पूरी तरह ध्वस्त करने के लिए कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रखी। बीडीए की टीम पुलिस बल के साथ रविवार सुबह करीब 10 बजे यहां पहुंची और दो बुलडोजरों से बरातघर पर कार्रवाई शुरू कराई। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं। भारी पुलिस बल को लगाया गया है। आसपास के लोग कार्रवाई पर खामोश हैं। कहीं से किसी भी तरह के विरोध की स्थिति नहीं है। बताया गया है कि शाम पांच बजे तक बरातघर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया जाएगा। बीडीए के संयुक्त सचिव दीपक कुमार ने बताया कि रजा पैलेसे नाम के इस बरातघर के लिए कोई मानचित्र स्वीकृत नहीं था। मकान के मानचित्र में ही बरातघर का संचालन किया जा रहा था। बरातघर मालिक को 2024 में नोटिस दिया गया था। नोटिस देने के बाद भी जब उन्होंने कोई नक्शा स्वीकृत नहीं कराया तो इसके बाद बीडीए ने कार्रवाई को आगे बढ़ाया। अब जब कार्रवाई हुई है तो मौके पर कोई मानचित्र या साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया जो इसकी वैधता को साबित करता हो। आवासीय नक्शे पर बना था बरातघर आवासीय नक्शे पर बनाए गए अवैध बरातघर (रजा पैलेस) को जमींदोज करने के लिए सात मजदूरों ने घन भी चलाए गए। दोपहर एक बजे से शुरू हुई कार्रवाई शाम सात बजे तक चली। बीडीए के अफसरों ने बताया कि वर्ष 2024 में ही नफीस को पहला नोटिस दिया गया था। पांच माह पहले ही बरातघर के ध्वस्तीकरण का आदेश हो गया था, जिसे अब अमल में लाया गया है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

आरएसएस की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विजयादशमी के कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास से मनाए

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। रविवार को बरेली महानगर के मालवीय नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विजयादशमी के कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाए गए। एकत्रीकरण के कार्यक्रम हुएद्य नगर के स्वयंसेवकों ने

बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यकर्त्ता बंधुओं के सामूहिक प्रयास से यह सफल कार्यक्रम आयोजित हुएद्य शताब्दी वर्ष के आगामी कार्यक्रम भी अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगेद्य ऐसा नगर के कार्यकर्त्ताओं का संकल्प है। संजय नगर स्थित श्रेया बारात घर से पथ संचालन श्रेया बारात घर से शुरू होकर महर्षि कश्यप चौक होते हुए श्रेया बारात घर मे समापन हुआद्य कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता प्रदीप भाई साहब ने अपने विचार रखेद्य कार्यक्रम मे नगर कार्यवाहा पुष्पेंद्र, महानगर बौद्धिक प्रमुख अजय ,बस्ती प्रमुख संजय, कैलाश, ग्राम विकास प्रमुख कृष्णापाल,मण्डल अध्यक्ष राजीव, होरि लाल, सरवन, दिलीप, विवेक मिश्रा, बबलू, विवेक, संतोष,नन्हे लाल, नितिन आदि उपस्थित रहेद्य

आरएसएस की स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने पर की गई पद यात्रा

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने अपने सौ वर्ष पूर्ण होने पर जगह जगह पथ यात्रा की गई सोमवार को मढ़ीनाथ क्षेत्र में पथ संचलन यात्रा निकाली गयी जिसमे एकत्रीकरण के कार्यक्रम हुए जगह जगह भव्य रूप से पुष्प बर्षा करके यात्रा का स्वागत किया गया मढ़ीनाथ निवासी डबल भटनागर , राजा ठाकुर ने विचार रखे कार्यक्रम में अनूप सिंह चौधरी , नरेंद्र मौर्या , राजा , डब्बल भटनागर, अन्य साथी गण मौजूद रहे ।

जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में घुसी कार टला बड़ा हादसा

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिला अस्पताल में रविवार सुबह अचानक पुलिस के एक कार ड्राइवर ने मरीजों की जान को आफत में डाल दिया। सिपाही तेज रफ्तार कार इमरजेंसी वार्ड के गेट पर लेकर घुस गया। गनीमत रही कि कोई तीमारदार या मरीज कार की चपेट में नहीं आया। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। मामला रविवार सुबह करीब आठ बजे का बताया जा रहा है। जिला अस्पताल में मौजूद चश्मदीदों के मुताबिक एक तेज रफ्तार कार जिला अस्पताल के मुख्य द्वार से अंदर दाखिल हुई। अस्पताल में आने के बावजूद कार की रफ्तार को चालक ने धीमा नहीं किया। कार लेकर वह इमरजेंसी वार्ड की तरफ आया और सीधा वार्ड के गेट के आगे लगे पोल में जा घुसा। एक पल के लिए तो अस्पताल में मौजूद हर किसी की सांसे अटक गईं। कार रुकी तो किसी तरह जान में जान आई।

मेरठ नर्सिंग होम में धड़ल्ले से नियम-कानून की उड़ रही धज्जियां स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन मौन

क्यूँ न लिखूँ सच/ ताज मलिक / अमरोहा। तहसील हसनपुर क्षेत्र के ढबारसी नेहरू इंटर कॉलेज के सामने मेरठ नर्सिंग होम नाम से अवैध अस्पताल खुलेआम संचालित हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक इस नर्सिंग होम का न तो स्वास्थ्य विभाग में पंजीकरण है और न ही संचालकों के पास MBBS की डिग्री। इसके बावजूद यहां गर्भवती महिलाओं के ऑपरेशन और डिलीवरी धड़ल्ले से किए जा रहे हैं। यहां तक कि ओटी ऑपरेशन थिएटर भी खुलेआम चल रहा है सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब डॉक्टर के पास डिग्री नहीं, तो उसे ओटी चलाने का अधिकार किसने दिया? जब उसके पास मान्यता प्राप्त योग्यता नहीं, तो डिलीवरी करने की अनुमति किसने दी? क्या स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतज़ार कर रहा है? ग्रामीणों का कहना है कि यह नर्सिंग होम गरीब और अनजान मरीजों की जिंदगी से सीधा खिलवाड़

कर रहा है। नियमों को ताक पर रखकर की जा रही इस लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम 1956 की धारा 15(2)(ङ्ख) के तहत बिना पंजीकरण और डिग्री कोई भी व्यक्ति आधुनिक चिकित्सा पद्धति का अभ्यास नहीं कर सकता। इस तरह का संचालन सीधे तौर पर गैरकानूनी है। इसके अलावा, ऐसे मामलों में IPC की धारा 420 (धोखाधड़ी), 304 (लापरवाही से मृत्यु), 269 और 270 (मानव जीवन को संकट में डालना) भी लागू होती हैं। साथ ही क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट्स एक्ट 2010 और उत्तर प्रदेश नर्सिंग होम रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत बिना पंजीकरण अस्पताल चलाना दंडनीय अपराध है प्रदेश सरकार झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध अस्पतालों पर लगातार कार्रवाई के आदेश देती रही है। इसके बावजूद ढबारसी नेहरू इंटर कॉलेज के सामने यह मेरठ नर्सिंग होम आज भी बिना किसी रोक-टोक के चल रहा है। इससे साफ है कि या तो अधिकारी पूरी तरह लापरवाह हैं या फिर अवैध अस्पतालों से सांठगांठ में लिप्त ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन तुरंत नर्सिंग होम को सील करे और संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी निर्दोष की जान न जाए। जिले में बिना पंजीकरण और बिना डिग्री के चल रहे किसी भी नर्सिंग होम या क्लीनिक को बख्शा नहीं जाएगा। शिकायत मिलते ही जांच टीम भेजी जाएगी और दोषी पाए जाने पर तुरंत सीलिंग व कानूनी कार्रवाई होगी। ढबारसी के मामले में भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

संघ शताब्दी पर पथ संचलन एवं विजयादशमी उत्सव में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ

क्यूँ न लिखूँ सच/ ताज मलिक / अमरोहा/ उत्तर प्रदेश >कस्बा हसनपुर में यह दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि संघ की शताब्दी यात्रा का प्रतीक है – एक ऐसी यात्रा जिसने राष्ट्र को एकता, अनुशासन, सेवा और संस्कार की डोर में बांधा है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पिछले 100 वर्षों में वसुधैव कुटुम्बकम् के भाव से प्रेरित होकर समाज के हर वर्ग तक राष्ट्रभावना का प्रकाश पहुंचाया है। संघ ने बिना भेदभाव के, निस्वार्थ सेवा और समर्पण से भारतीय संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा का दायित्व निभाया है। यह शताब्दी वर्ष हम सभी के लिए गर्व, प्रेरणा और संकल्प का क्षण है । एक ऐसे भारत के निर्माण का संकल्प, जो संस्कार, सेवा और स्वाभिमान से ओतप्रोत हो। चलो मिलकर उस भारत का निर्माण करें, जिसकी नींव संघ ने रखी और जिसका स्वप्न हर स्वयंसेवक देखता है इस मौके पर अर्पण गुप्ता, मुकेश गुप्ता, काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे

बिजली विभाग की बड़ी कार्यवाही, विधुत चोरी को लेकर एक करोड़ 28 लाख की वसूली को लेकर रिकवरी शुरू

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली । मुख्य अभियंता विद्युत ज्ञान प्रकाश ने अवगत कराया है कि जिले में पूर्व में कुछ व्यक्तियों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 के अन्तर्गत कटिया डालकर सीधे बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी, जिसके सापेक्ष विद्युत चोरी कर रहे व्यक्तियों द्वारा अभी तक राजस्व निर्धारण की धनराशि जमा नहीं की गयी है। संदर्भित प्रकरण में सम्बन्धित व्यक्तियों 5के विरुद्ध वसूली अधिनियम 1958 की धारा धारा-5 नोटिस (आर0सी0) भी निर्गत की जा चुकी है। कुल वसूल कि जाने वाली धनराशि 01 करोड़ 28 लाख से ज्यादा है। जिन लोगों की आर सी जारी की गयी है उसमें वसीम खान पुत्र हाजी मुल्ला लियाकत, सुर्खा बानखाना बरेली की रु0 15,39,046.00 की आर. सी., मोनीश खान पुत्र हसन मियाँ, सुर्ता बानखाना, बरेली की 22.29,709.00 रु0 की आर. सी., बरकान रजा खान पुत्र बाबू खान्, सुर्खा बानखाना, बरेली की 37,32,339.00 की आर. सी., गुलाम नवी पुत्र सरवर अली, गद्दीवाला चक महमूद, थाना बारादरी, बरेली की 26,57,065.00 रु0 की आर. सी. तथा अमन रजा खान पुत्र मोहम्मद नदीम् सुर्खा बानखाना, बरेली की 26,92.628.00 की आर. सी. जारी की गयी है। विद्युत विभाग की राजस्व बढ़ोत्तरी के लिए शीघ्र वसूली की कार्यवाही की जाएगी ।

अमरोहा जिले में मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ धनौरा बछरायूँ समेत कई कस्बों में बिना डिग्री के चल रही पैथोलॉजी लैब

क्यूँ न लिखूँ सच/ ताज मलिक / अमरोहा/ उत्तर प्रदेश जिले में मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। कमाई के लालच में बिना डिग्री और बिना रजिस्ट्रेशन के पैथोलॉजी लैब खुलेआम चल रही हैं, जहां झोलाछाप डॉक्टरों की सलाह पर मनमर्जी से रिपोर्ट बनाई जा रही हैं।

धनौरा तहसील क्षेत्र के बछरायूँ कस्बे का हाल ही देख लीजिए धनौरा मे लगभग डेढ़ दर्जन पैथोलॉजी लैब चल रही हैं, जिनमें से अधिकांश के पास न डिग्री है और न ही मान्यता। वहीं बछरायू कस्बे में करीब एक दर्जन से अधिक लैब बिना डिग्री और रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रही हैं। यही हाल धनौरा, गजरौला, नगली, जोया और अमरोहा शहर का भी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन लैबों के संचालन के पीछे स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत है। अगर सही तरीके से जांच हो जाए, तो कई पैथोलॉजी संचालकों की डिग्रियां किराए पर ली हुई निकलेंगी। कुछ लैब संचालक तो झोलाछाप डॉक्टरों को एडवांस पैसा तक देते हैं ताकि उनकी ओर से मरीज भेजे रहें। हाल ही में आगरा की एक पैथोलॉजी का मामला सुर्खियों में आया था, जहां खांसी के मरीज को कैंसर की रिपोर्ट थमा दी गई। लोगों को डर है कि कहीं वैसा ही हादसा अमरोहा जिले में भी न हो जाए। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि स्वास्थ्य विभाग तत्काल कड़ी कार्रवाई करे, अन्यथा आने वाले समय में गलत जांच रिपोर्टें मरीजों की जान तक ले सकती हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर पथ संचलन में सहभागिता

क्यूँ न लिखूँ सच/ ताज मलिक / अमरोहा /उत्तर प्रदेश हसनपुर नगर की कायस्थान बस्ती में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित पथ संचलन कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अविस्मरणीय अवसर प्राप्त हुआ वास्तव में, यह कार्यक्रम अनुशासन, एकता और राष्ट्रभाव की अद्भुत त्रिवेणी का साक्षी था। स्वयंसेवकों की कदमताल में दिखी अदम्य निष्ठा और सुदृढ़ संगठन शक्ति ने मन को गहरा प्रभावित किया। संघ के शताब्दी वर्ष का यह आयोजन न केवल एक उत्सव था, बल्कि राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण भी था। ?इस भव्य दृश्य को देखकर हृदय गर्व और श्रद्धा से भर गया इस मौके पर पौरुष अग्रवाल मंडल उपाध्यक्ष भाजपा विधायक पुत्र देवेंद्र सिंह खड़कवंशी आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे

किसान को फरसा मारकर किया घायल

